PUBLICATION NAME : Rajasthan Patrika

EDITION : Ahmedabad

DATE : 22-11-2021

PAGE : 02

ईडीआईआई को मिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा

गांधीनगर@ पत्रिका. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) को देश में कौशल विकास के क्षेत्र में केन्द्र सरकार की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला है।

इस संबंध में कौशल विकास व उद्योग साहसिकता मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने बताया कि यह दर्जा पांच वर्ष के लिए मान्य है। मंत्रालय ने कई मापदंडों पर संस्थान के निरीक्षण के बाद यह दर्जा दिया है। अधिसूचना में कहा गया है कि सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस एक संस्था है जो नेतृत्व, श्रेष्ठ पद्धति, शोध सहयोग, प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण व विकसित तकनीक पर ध्यान केन्द्रित

करने के साथ विशेष क्षेत्रों के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तेजी से उभरती टैक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने के साथ विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नेतृत्व, सर्वोत्तम अभ्यास, अनुसंधान और विकास सहायता, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। यहां उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाता है। यह नए उद्यम निर्माण और रोजगार बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और दक्षता प्रदान करता है। कौशल और ज्ञान भारत के लिए आर्थिक विकास और सामाजिक विकास की प्रेरक शक्ति हैं।